दिनांक 01.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

आयुक्त ने शिक्षा, गुणवत्ता जांचा

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान ने गुरुवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न स्कुलों का भ्रमण कर स्कुल की व्यवस्था, शौचालय, के साथ बच्चों से प्रश्न कर उनके शिक्षा गुणवत्ता की जांच किये।

निगम आयुक्त श्री चौहान प्रातः 10 बजे वार्ड 31 खुर्सीपार में दुर्गा मंदिर के पास संचालित माध्यमिक शाला में पहुंचकर शाला भवन का अवलोकन किये तथा कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं, के बच्चों से गणित, विज्ञान के विषय में प्रश्न किये और उनका अध्यापन में उनका कौशल जांच किये। आयुक्त ने बच्चों से उनके घर में बने शौचालय के इस्तमाल की जानकारी लेकर यह प्रश्न किया कि किन बच्चों के घरों में शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। जिनके घरों में शौचालय नहीं होने की जानकारी मिली उनका प्रस्ताव तैयार करने के लिए भ्रमण में साथ रहे जोन आयुक्त संजय शर्मा, बसंत साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेश मिश्रा को स्थल पर ही निर्देश दिये कि तत्काल ऐसे घरों की पहचान कर प्रस्ताव तैयार कर शौचालय का निर्माण करें। इसके बाद आयुक्त सुभाष नगर वार्ड 37 में संचालित शा0 मा0 शाला का अवलोकन किया वहॉ भी उन्होने शाला भवन का भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति पंजी की जांच कर उपस्थिति कम पाये जाने पर आयुक्त ने शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों से कहा कि बच्चों के पालकों को बुलाकर स्कुल में बच्चों को भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद संदीप हिरवानी ने भवन में आवश्यक संधारण कार्य कराये जाने की मांग रखी।

जन सम्पर्क अधिकारी